तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 सज गए पंडाल, आज विराजेंगे गणपति बप्पा



13 13 करोड़ में बनेगा नालंदा परिसर, ई-लाइब्रेरी हाई-टेक ...



## खबर संक्षेप

### एनीकट पार करते युवक की नदी में डूबने से मौत

**बेरला।** बेरला ब्लॉक के कण्डरका चौंकी स्थित ग्राम पंचायत ढाबा में एक व्यक्ति की खारुन नदी एनीकट में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ह्यूमन यादव पिता फूल सिंह यादव उम्र 50 वर्ष के रूप में हुई है। वह 19 अगस्त 2025 को नदी पार करते समय पैर फिसलने से नदी में बह गया था। एसडीआरएफ की टीम ने 5-6 दिन बाद शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले पर पुलिस द्वारा छानबीन की जा रही है। इस घटना से यादव परिवार में दुख का माहौल बन गया है, खासकर तीजा पोला पर्व के दौरान यह घटना घटी है। खारुन नदी एनीकट में इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें लोगों की डूबने से मौत हो गई है पुलिस चौंकी कण्डरका प्रभारी राजकुमार साहू ने बताया कि ढाबा खारुन नदी एनीकट को पार करते नदी में बह गया जिसे एसडीआरएफ की टीम लगातार पांच दिनों तक खोजबीन किया गया। उसकी शव ढाबा एनीकट के पास बरामद किया गया जिसकी पंचनामा कार्यवाही की गई।

### आनंद विहार में फांसी लगा युवक ने दी जान

**भिलाई।** युवक ने अपने फ्लैट में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मामले में पुलिस ने पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि आनंद विहार फेस 1 फ्लैट नंबर 204 निवासी प्रांत पिल्लै ने रविवार को कमरे में फांसी लगा ली। मृतक प्रशांत फ्लैट में अकेले रहता था। पत्नी करीब डेढ़ साल से जबलपुर में अलग रह रही है। जब पड़ोसियों को कमरे से हलचल नहीं दिखने पर घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने भीतर प्रवेश करने पर सामने प्रशांत फांसी पर झूलते देखा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए मरचूरी भेजा है। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

### धारदार चाकू लहराकर डराने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** चाकू लेकर लोगों को डराने धमकाने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नया पारा नदी रोड मोड़ के आगे युवक वार्ड 3 मठपारा दुर्ग निवासी हेमंत उर्फ हेमू सारथी को पुलिस ने पकड़ा। युवक के पास से एक धारदार चाकू जब्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### गैंती से हमला कर हत्या आरोपी को उम्र कैद

**दुर्ग।** आपसी रंजिश के कारण गैती से हमला कर शांतिनगर वैशालीनगर निवासी शब्बीर अहमद को मौत के घाट उतारने वाले को कोर्ट ने आजीवन कारावास और 200 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। राशि अदा नहीं करने पर उसे दो माह की अतिरिक्त सजा भुगतानी पड़ेगी।

# कूड़े में मिली नवजात बच्ची की मौत, नागरिकों ने निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

गत रविवार को नवजात जिन्दा बच्ची को कूडे मे फेकने के बाद सोमवार को ईलाज के दौरान बच्ची की मृत्यु के बाद नागरीक भडक उठे है सोमवार शाम को विभिन्न संगठनो ने कैणडल मार्च निकालकर जयस्तंभ चौक पर श्रद्धांजलि देने के बाद बच्ची की तस्वीर के साथ थाना पहुँचकर आरोपी व हत्यारे निर्दयी माता-पिता को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए थाना प्रभारी को ज्ञापन सौपा है। इस घटना के बाद नगर में आक्रोश का माहौल है। सोमवार को पुलिस गंभीरता के साथ घटना स्थल की सारी सीसी टीवी फूटेज खगालती रही फिर भी आरोपीयो की सुराग नही मिल पायी है। तीसरे दिन मंगलवार को भी पुलिस पुनः दिनभर विभिन्न पहलू को लेकर गहन जांच पडताल करती रही फिर भी आरोपीयो तक नही पहुंच पायी है। नगर मे घटित इस शर्मनाक घटना के बाद आरोपीयो तक पहूंचने के लिए पुलिस के लिए बडी चुनौती बना हुआ है, खबर है कि पुलिस को सीसी टीवी में कुछ अहम सुराग भी मिली है।

परंतु नवजात के साथ किया गया अमानवीय कृत्य के दोषी को पकडने में पुलिस के हाथ पांव भी फूल रहे है। नगर के विभिन्न राजनीतिक,धार्मिक व समाजिक संगठनो ने कहा है कि बच्ची के साथ किया गया।

### आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की



#### दी गई श्रद्धांजलि

तरह की अफवाहो का बाजार भी गर्म है जिस हिसाब से सोमवार की शाम को नगर के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक मे बच्ची को श्रृद्धांजलि देने का हुजुम जमा हुआ उससे तो लगता है कि सभी के मन मे आरोपी के खिलाफ एक बड़ा आक्रोश है, वही नागरीक को अब पुलिस की जांच व कार्रवाई पर नजर टिकी हुई है।

## परेशानी

### टिकिट के लिए 150 किमी चक्कर लगाने आमजन मजबूर

# डाक घर में संचालित रेलवे आरक्षण केंद्र माहभर से बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

रेलवे टिकिट आरक्षण केंद्र शहर के पोस्ट ऑफिस में संचालित है पर आमजन इस सुविधा से अक्सर वंचित रह जाते हैं। स्टाफ के अभाव के चलते वर्तमान में माहभर से रेलवे टिकिट की आरक्षण सुविधा पूर्णता बंद है। जिसके कारण आम नागरिक टिकिट आरक्षित कराने उन्हें इस वक्त 150 किमी के चक्कर लगाने मजबूर हो रहे हैं ,क्योंकि रेलवे टिकिट आरक्षित करने के लिए जिले के लोगों को दुर्ग स्टेशन या फिर रायपुर की दौड़ लगानी पड़ रही है। दोनों शहरों की दूरी बेमेतरा से 75 किलोमीटर पर है जिस वजह से आने जाने से जहां 150 का फेरा लग जाता है वही समय ओर खर्च का बोझ भी बढ़ जाता है।

- त्योहारी सीजन में यात्रियों को नहीं मिल रहा लाभ

इस त्योहारी सीजन में जब आमजनों को अपने शहर ओर घर आना आवश्यक है तब जिले वासियों को वर्तमान स्थिति में देश के अन्य प्रदेश में आने जाने के लिए रेल के सफर से पहले 150 किमी की दूरी तय करनी पड़ रही है। पोस्ट ऑफिस ओर रेलवे मैनेजमेट की कमियों की वजह से आम जनता इसका खामियाजा भुगतने मजबूर हो रहे हैं। जिसका फायदा बिचौलिए उठा रहे हैं। कारण यह है कि यह आप किसी बिचौलियों का सहारा ले या फिर दिन भर का समय निकाल कर 150 किमी की दूरी तय करें। दूसरी ओर डाक विभाग के हेड ऑफिस भिलाई के उच्च अधिकारियों से बेमेतरा स्थित रेल्वे आरक्षण टिकिट केंद्र बंद होने से हो रही असुविधा पर ध्यान आकर्षित किया जाता है तो उनका दो टूक कहना होता है कि डाक घर में स्टाफ की कमी है इस वजह से सुविधा केंद बंद है, स्टाफ मुहैया कराने की मांग की जाती है तब डाक विभाग का स्पष्ट कहना होता है कि हमारी जिम्मेदारी रेलवे टिकिट केंद्र के प्रति महत्वपूर्ण नहीं, डाक सेवा को सुचारू रूप से संचालित करना ही आवश्यक है। इसके लिए रेलवे मैनेजमेंट से बात करें । बता दें कि 15 वर्ष पूर्व 2009 में रेलवे टिकिट आरक्षण खिड़की पोस्ट ऑफिस में खोला गया था । इसके पहले आमजनों को दुर्ग ,रायपुर ,या फिर तिल्दा के रेलवे स्टेशन पर ट्रेन टिकट लेने के लिए दौड़ना पड़ता था। अब 15 वर्ष बाद यही स्थिति से आमजनों को गुजरना पड़ रहा है । वही पोस्ट ऑफिस की धीमी चाल ओर कर्मचारियों की कमी से जूझने से आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है ।पहले से ही रेलवे के बढ़ते किराए से परेशान नागरिकों को ट्रेन टिकट लेने अधिक राशि खर्च करनी पड़ती है।




जिला मुख्यालय के डाक घर के पोस्टमास्टर अमित चतुर्वेदी ने रेलवे टिकिट केंद्र बंद होने पर कहा कि ऑपरेटर नहीं होने की वजह से बीते 20 दिनों से यह सुविधा बंद है, इसकी सूचना रेलवे को दूरभाष से दे दिया गया है। और हमारे डिपार्मेंट को पता है कि यहां रेगुलर स्टाफ की कमी है। वर्तमान स्थिति में विभाग के ग्रामीण क्षेत्रों के कर्मचारियों से यहां का कार्य संचालित किया जा रहा है। रेलवे टिकिट आरक्षित के लिए कर्मचारी ट्रैन नहीं है। इसलिए उन्हें रेलवे से संबंधित कार्य नहीं सौंपा जा सकता है। कब यह सुविधा चालू होने पूछने पर श्री चतुर्वेदी ने कहा जिस दिन ट्रैन सुधा रेगुलर स्टाफ मुहैया हो जाएगा। उस दिन यह सुविधा चालू कर दी जाएगी।

# मवेशी खुला छोड़ने की बात पर विवाद, प्राणघातक वार करने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के थाना बेरला पुलिस टीम ने मवेशी खुला छोड़ने की बात को लेकर हत्या की नियत से प्राणघातक वार करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान घनश्याम ऊर्फ बल्लू साहू, गोपाल साहू, नीतेश ऊर्फ रवि साहू और गोवर्धन साहू के रूप में हुई है, जो सभी कुम्ही थाना बेरला के निवासी हैं।

घटना का विवरण देते हुए पुलिस ने बताया कि जागेश्वर टंडन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 24 अगस्त की रात करीब 8 बजे घर के सामने गौठान के पास अपने बड़े भाई संतोष टंडन और गांव के लोगों के साथ मवेशी खुला छोड़ने की बात को लेकर बातचीत कर रहे थे। बल्लू साहू और उसके बड़े लड़के गोवर्धन साहू वहां से गुजर रहे थे और मवेशी की बात को लेकर विवाद करने लगे। बाद में बल्लू साहू अपने तीनों लड़कों के साथ आया और जाति सूचक बोलकर गाली-गलौज करने लगा। बल्लू साहू ने अपने हाथ में रखे लोहे के टंगिया से संतोष टंडन पर प्राणघातक हमला किया, जिससे उनके गाल और चेहरे पर गंभीर चोट आई। एसडीओपी बेरला विनय कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी बेरला कृष्णकांत सिंह के साथ थाना स्टाफ द्वारा विवेचना कार्य प्रारंभ किया गया और आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर 26 अगस्त न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया गया।

इस संपूर्ण कार्यवाही में एसडीओपी बेरला विनय कुमार, थाना प्रभारी बेरला निरीक्षक कृष्णकांत सिंह और अन्य पुलिस स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# पुरानी परंपरा कायम रखने हसदा में हुई विभिन्न स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

छत्तीसगढ़ के पारम्परिक पोला तिहार को ग्राम हसदा में बहुत ही धुमधाम से मनाया गया। इस तिहार का आयोजन उत्साह पूर्वक रहा। इस पोला पर्व पर गांव के माताएं व बहने तीजा पोला पर्व को लेकर अभी अपनी मायके आये हुए है।

वही पोला पर्व में ग्राम पंचायत हसदा सरपंच व ग्राम के युवा द्वारा पारंपरिक खेल का आयोजन किया गया। जिसमें सभी महतारी, बहन व बेटी के साथ बहुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

उक्त खेल इस प्रकार से है मटका फोड़, मटका दौड़, सुई धागा दौड़, रस्सा खिंच, कुर्सी दौड़, नारियल फेंक, फुगड़ी, गोली चम्मच,100 मीटर दौड़ व लईका मन के कुर्सी दौड़, फुगड़ी नानं प्रकार के खेल जो छत्तीसगढ़ की संस्कृति धरोहर को याद किया गया। इस पोला पर्व में खेल का आयोजन कर छत्तीसगढ़ में पुर्वजो द्वारा किया गया सामाजिक व संस्कृति को यादगार किया गया। लागातार रिमझिम बारिश हो रहे थे लेकिन पोला तिहार की फुहार व उत्साहित सभी महिलाएं व बहने जमकर खेल का आनंदित हुए। वही खेल में जीते हुए प्रतिभागी को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।



# एनएचएम कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी

## बैनर में गारंटी पूरी करो के नारों के साथ निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी है,मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए विभिन्न गतिविधियाँ जारी रखी हैं। इन मांगों में नियमितीकरण, ग्रेड पे निर्धारण, समान कार्य समान वेतन, मेडिकल बीमा, अनुकंपा नियुक्ति और 27% वेतन वृद्धि शामिल है ।

मंगलवार को धरना स्थल जय स्तंभ चौक बेमेतरा से कर्मचारियों ने तख्तियों, बैनरों और /"मोदी की गारंटी/" के नारों के साथ रैली निकालकर आम जनता को अपनी मांगों से अवगत कराया। महिला कर्मचारियों ने भी तीजा पर्व के अवसर पर परंपरागत रीति-रिवाज निभाते हुए धरना स्थल पर डटे रहकर आंदोलन का समर्थन किया। उधर, कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन आंदोलन में चले जाने से उप स्वास्थ्य केंद्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों में स्वास्थ्य सेवाएँ पूरी तरह चरमरा गई है। जिससे आम जनता को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएँ समय पर नहीं मिल पा रही है। कर्मचारियों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवाएँ ठप होने के लिए वे नहीं, बल्कि शासन का अड़ियल रवैया जिम्मेदार है।



कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पूरन दास एवं प्रवक्ता बृजेश दुबे सहित सभी कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि नियमितीकरण, ग्रेड पे और लंबित 27% वेतन वृद्धि सहित सभी मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शासन जल्द ही उनकी मांगों पर लिखित निर्णय नहीं लेता, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। आज कर्मचारियों ने चार समूहों में विभाजित होकर, छत्तीसगढ़ में भाजपा के घोषणा पत्र में मोदी के गारंटी में उल्लिखित 100 दिनों में नियमितीकरण के वादे को जनता के बीच प्रस्तुत किया और बड़े नेताओं के मंचों से दिए गए वक्तव्यों को सबूत के रूप में साझा कर शासन का ध्यान आकर्षित करने का प्रयास किया। धरना प्रदर्शन में डॉ. अभिषेक यादव, डॉ. डोमन यादव, डॉ. नीलेश देवांगन, सनत साहू, रेशमी, चन्द्रिका साहू, हेमलता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी मोदी की गारंटी खोजने निकले।

## शिव-पार्वती की पूजा-अर्चना की, रातभर चला भजन-किर्तन

# तीज पर पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/बेरला

हरितालिका तीज पर्व पर मंगलवार को सुहागिनों ने उपवास रखकर अपने पति के दीर्घायु की कामना की। त्योहार मनाने ससुराल से मायके पहुंची सुहागिनों में विशेष उत्साह देखा गया। बारगांव स्थित रामेश्वर मंदिर में मंगलवार की सुबह महिलाओं ने सफल दांपत्य के लिए शिव-पार्वती की पूजा अर्चना कर तीज व्रत कथा का श्रवण किया।

वहीं गांव की अधिकांश महिलाएं सोमनाथ मंदिर जाकर शिवजी की पूजा अर्चना कर पति के दीर्घायु की कामना की। तीज पर्व का छत्तीसगढ़ में विशेष महत्व होता है। इस पर्व को धूमधाम से मनाने के लिए महिलाएं अपने मायके में ही रहकर उपवास रखा। व्रतियों ने नई साड़ी व विविध आभूषणों से सजने के साथ-साथ हाथों में विविध आकृति के मेहंदी लगवाते नजर आए। साथ ही विविध प्रकार के व्यंजन पकवान भी बनाए गए। शाम होते-होते सुहागिनों ने गणेश व शिव-पार्वती की पूजा आराधना के साथ-साथ अपने पति की आरती उतारकर उनसे आशीर्वाद लिया। सुनयना वर्मा का मानना है कि इस त्योहार में उपवास का विशेष महत्व होता है। उपवास के माध्यम से एक ओर जहां ईश्वर से सुहाग के दीर्घायु होने की कामना की गई, वहीं सुखद दाम्पत्य जीवन के लिए भगवान से विनती की गई। उपवास व पूजा अर्चना के बाद महिलाओं ने फ़लाहार व छत्तीसगढ़ी पकवानों से अपना व्रत तोड़ा। देर रात तक महिलाओं द्वारा जागरण कर भजन-कीर्तन का आयोजन भी किया गया।



### बचपन की सहेलियों से मिलने का उल्लास

तीज पर्व में मायके पहुंची रोशनी यादव ने कहा कि अपने बचपन की सहेलियों से मिलने का उल्लास रहा। पूजा-अर्चना के बाद एक दूसरे से सुख-दुख की बाते की जाती रही। खास कर शादी के बाद पहली बार मायके पहुंची बेटिया में पर्व को लेकर अधिक उत्साह रहा।

### तीजा पर ठेठरी, खुर्मी का चखा स्वाद

पर्व में विशेषकर ठेठरी, खुर्मी, कुसली, चौसेला, गुजहा, सोहारी, अइरसा रोटी बनाई गई। बेटियां जब अपने मायके से वापस ससुराल जाएंगी तब विभिन्न शगुन के साथ तीजा रोटी ठेठरी खुर्मी देकर विदा किया जाता है।

ग्राम बरगा में दो दिवसीय अखण्ड रामधुनि का हुआ आयोजन

# सम्पूर्ण रामायण की झांकी ने श्रद्धालुओं का मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

समीपस्थ ग्राम बरगा में धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ दो दिवसीय अखण्ड रामधुनि का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को विशेष पर्व के रूप में मनाया और पूरे गांव में आध्यात्मिक वातावरण का संचार हुआ।

रामधुनि के साथ-साथ अखण्ड रामायण पारायण भी किया गया। जिसमें पं. नीलधर प्रसाद तिवारी, खेमसिंह वर्मा, चंद्रिका साहू, नेतू साहू, देवसिंह साहू, लेखराम साहू, लखन साहू तथा ईश्वर गंधर्व ने विशेष भूमिका निभाई।



यह आयोजन प्रतिवर्ष परंपरागत रूप से संपन्न होता है, जिसमें मोहल्लावासी निर्धारित समय पर टीम बनाकर ढोल-मांदर सहित वाद्ययंत्रों पर संकीर्तन करते हुए राम नाम का गान करते हैं। इस बार भी तीजहारिन माताओं-बहनों ने उपवास रखते हुए पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की और कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर जय मां शितला रामधुनि मंडली कोड़का ने मनमोहक प्रस्तुति दी। भगवान गणेश, मां दुर्गा, सम्पूर्ण रामायण और भक्त हनुमान की झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और ग्राम की सुख-समृद्धि व मंगलकामना की। इस अवसर पर ग्रामीण कमलेश साहू उपसरपंच प्रतिनिधि, पंचगण सहित ग्रामीण राजकुमार साहू, ईश्वर गंधर्व, खेमसिंह वर्मा, लच्छीराम साहू, छबिलाल तिवारी, पीलुराम साहू, कन्हैयालाल पाल, नोहर सेन, भागवत साहू, अजय साहू, सहित अन्य उपस्थित रहे।

